जागरण

# थाने के नजदीक चल रही थी नकली शराब की फैक्ट्री, हिरासत में लिए गए 4 लोग; जखीरा बरामद



**संवाद सहयोगी, शहजादपुर।** थाना शहजादपुर से कुछ की दूरी एक घर पर नकली शराब बनाने की फैक्ट्री चलती रही और पुलिस बेखबर रही। बुधवार रात को आखिरकार इस नकली शराब बनाने की फैक्ट्री का पर्दाफाश हो गया। इस दौरान पुलिस ने मौके से चार लोगों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ गई।

हरियाणा और पंजाब की शराब के ब्रांड लेबल भी लगे मिले

माना जा रहा है कि आरोपित इस फैक्ट्री से तैयार नकली शराब की सप्लाई पंजाब और हरियाणा सहित कहीं अन्य राज्यों में भी कर चुके थे। इस फैक्ट्री में नकली देसी शराब बनाई जा रही थी।

Source: https://www.jagran.com/punjab/fatehgarh-sahib-fake-liquor-factory-was-running-near-police-station-in-punjab-4-people-arrested-stock-recovered-23928841.html